**<u>प्रेस नोट जनपद खीरी</u>**

**<u>दिनाँक 01.11.20</u>**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

# <u>यातायात माह, नवम्बर-2020 का शुभारम्भ</u>






आज दिनांक 01.11.2020 को जनपद खीरी में "यातायात माह, नवम्बर-2020" का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी खीरी, श्री शैलेन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री विजय ढुल द्वारा पुलिस लाइन खीरी से "यातायात जागरूकता बाइक रैली " को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी , क्षेत्राधिकारी सदर , प्रभारी निरीक्षक सदर , टीएसआई, आरटीओ विभाग , व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण, विभिन्न विद्यायलों के शिक्षक व छात्र , जीसीआई संस्था के सदस्यगण एवं पत्रकार बंधु भी सम्मिलित हुए।

यातायात रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर शहर लखीमपुर के प्रमुख चौराहों/मार्गो से होती हुई पुलिस लाइन में आकर समाप्त हुई। यातायात जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन संबंधी जागरूकता जैसे - वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयाग करना , हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन /ईयर फोन का प्रयोग नहीं करना , नशे की हालत में वाहन न चलाना , वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाना , 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने हेतु प्रोत्साहित न करने आदि महत्वपूर्ण यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।

# थाना सिंगाही पुलिस द्वारा 06 किलोग्राम गांजा के साथ अभियुक्त रामस्वरूप पुत्र हेमराज को किया गया गिरफ्तार




## प्रेस नोट थाना सिंगाही जनपद खीरी

**थाना सिंगाही की पुलिस द्वारा 06 कि0ग्राम गांजा के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना सिंगाही पर मु0अ0स0 404/2020 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में चलाये जा रहे सघन अभियान वांछित / वारन्टी अपराधी व संदिग्ध व्यक्ति वस्तु से संबंन्धित गिरफ्तारी के अभियान मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय निघासन के निर्देशन मे थानाध्यक्ष सिंगाही श्री प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही सघन चेकिंग के दौरान आज दिनांक 31.10.2020 को एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया विस्तृत विवरण निम्नवत है।

***घटना का विवरण***

आज दिनांक 31.10 .2020 को थानाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिह,उ0नि0 श्री कल्लू सिह ,का0 सुशील कुमार ,का0 सौरभ कुमार के विनावर देखभाल क्षेत्र व रोकथाम जुर्म जरायम एवं तलाश वांछित/वारण्टी अपराधी में मामूर था जब हम पुलिस वाले सिगाही से खैरीगढ की तरफ जा रहे थे तो ग्राम खैरीगढ की तरफ से विरकुआ मोड के पास आता हुआ एक व्यक्ति हमे देखकर अचानक तेज कदमों से वापस मुड़कर ग्राम विरकुआ की तरफ जाने लगा कि शक होने पर इस व्यक्ति को टोका व रुकने को कहा तो नहीं रुका और अधिक तेजी से जाने लगा तो हम पुलिस वालो ने दौड़कर घेरकर खैरीगढ रोड से ग्राम विरकुआ रोड पर 100 कदम की दूरी पर 20.05 बजे पकड़ लिया नाम पता पूछने पर इसने अपना नाम रामस्वरुप पुत्र हेमराज नि0 सिगाही देहात चमरौधा थाना सिगाही (खीरी) उम्र 36 वर्ष बताया जिसके कब्जे से **एक बोरे मे 06 कि0ग्राम गांजा** बरामद किया गया। तथा अभियुक्त रामस्वरुप पुत्र हेमराज नि0 सिगाही देहात चमरौधा थाना सिगाही (खीरी) को मा0 न्यायालय के समक्ष विधिक कार्यवाही हेतु समय से पेश किया जा रहा है ।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण***

रामस्वरुप पुत्र हेमराज नि0 सिगाही देहात चमरौधा थाना सिगाही (खीरी )

**बरामदगी**

**अभि0 रामस्वरुप पुत्र हेमराज नि0 सिगाही देहात चमरौधा थाना सिगाही (खीरी के कब्जे एक बोरे मे 06 कि0ग्राम गांजा बरामद होना**

**बरामदगी स्थल समय व दिनांक**

बरामदगी स्थल- विरकुआ मोड बहद ग्राम विरकुआ दिनाक 31.10.2020 समय 20.05 बजे

पुलिस टीम 1.)SOश्री प्रदीप कुमार सिंह(2) उ0नि0 श्री कल्लू सिह (3.)का0 सुशील कुमार (4) का0 सौरभ कुमार थाना सिंगाही खीरी

**<u>थाना मैलानी पुलिस द्वारा अवैध तमंचा कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के दौरान थाना मैलानी पुलिस द्वारा ग्राम अंगदपुर पसियापुर तिराहे से अभि0 सलीम उर्फ़ मटरे पुत्र चिराग अली नि 0 अंगदपुर थाना मैलानी खीरी को 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभि 0 के विरुद्ध थाना मैलानी पर मु0आ0स0 344/2020 पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण</u>**

1.उ0नि0 सतीश चंद्र
2. का0 राकेश कुमार यादव
3. हो0गा0 राकेश कुमार

**<u>थाना मैलानी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अवैध क्रिया कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मैलानी पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों 1. रियासत पुत्र शराफत अली 2. कासिम अली पुत्र रोज अली 3. फरीद खान पुत्र राउफ खान नि0गण मोहल्ला इस्लामनगर थाना गोला खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 1460 रु0 व 46 ताश के पत्ते बरामद किए गए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 340/20 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

**<u>थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा अभियुक्त रामू को अवैध लोहे की तलवार सहित किया गया गिरफ्तार</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा अभियुक्त रामू पुत्र देशराज नि0 रमुआपुर सिकटिहा थाना फूलबेहड़ खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद लोहे की तलवार बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 419/20 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

**थाना मितौली पुलिस द्वारा हत्या  के वांछित अभियुक्त  को किया गया गिरफ्तार**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के दौरान  दिनांक  31-10-20 को थाना मितौली पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या    204 /20   धारा 302 / 201 आईपीसी  मे वांछित अभियुक्त  सुशील पुत्र राम सिंह निवासी महमूदपुर थाना मैगलगंज खीरी को  गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

# वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए निम्नलिखित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया-

1. थाना नीमगांव पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 316/20 धारा 363/366 भादवि0 में वांछित अभियुक्त चन्द्रशेन उर्फ छोटे पुत्र राधेश्याम नि0 भगतपुर थाना मैलानी खीरी को गिरफ्तार किया गया।
2. थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 249/20 धारा 325/504/506 भादवि0 में वांछित अभियुक्त मंगल सिंह पुत्र सन्तोस नि0 रतिया थाना तिकुनिया खीरी को गिरफ्तार किया गया।
3. थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 439/20 धारा 2/3 यूपी गैंग्सटर एक्ट में वांछित अभियुक्त समशाद पुत्र अली मोहम्मद नि0 बेहननपुरवा थाना खीरी को गिरफ्तार किया गया।
4. थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 1160/20 धारा 302/34/323/504/506 भादवि0 में वांछित अभियुक्त सुभाष पुत्र शिवबालक नि0 भानपुर थाना कोतवाली सदर खीरी को गिरफ्तार किया गया।
5. थाना मितौली पुलिस द्वारा अ0सं0 308/15 धारा 272 भादवि व 60 आबकारी अधि0 में वांछित चल रहे अभियुक्त मझिले उर्फ सुमित पुत्र गुडडू नि0 कज्ञा थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार किया गया।
6. थाना फरधान पुलिस द्वारा अ0सं0 495/03 धारा 2/3 यूपी गैंग्सटर एक्ट में वारंटी अभियुक्त वारीस पुत्र अमीन खॉ नि0 पढाननपुरवा थाना फरधान खीरी को गिरफ्तार किया गया।

# <u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>165 लीटर अवैध कच्ची शराब, 04 शराब भट्ठी बरामद कर 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार</u>** किया गया है। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | थाना | बरामदगी | गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | **थाना कोतवाली सदर** | 30 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 2. | **थाना गोला** | 20 लीटर | 03 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 3. | **थाना मैलानी** | 20 लीटर | 02 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 4. | **थाना तिकुनिया** | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 5. | **थाना पलिया** | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 6. | **थाना मोहम्मदी** | 20 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 7. | **थाना फरधान** | 15 लीटर | 03 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 8. | **थाना पलिया** | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| 9. | **थाना हैदराबाद** | 10 लीटर | 01 अभियुक्त गिरफ्तार |
| | **कुल योग** | 165 लीटर | 14 अभियुक्त गिरफ्तार |